| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| *1 | 29-1-2026 |
| *2 | 29-1-2026 |
| *3 | 29-1-2026 |
| *4 | 29-1-2026 |
| *5 | 30-1-2026 |
| *6 | 31-1-2026 |
| *7 | 31-1-2026 |
| *8 | 31-1-2026 |
| *9 | 31-1-2026 |
| *10 | 31-1-2026 |
| *11 | 31-1-2026 |
| *12 | 31-1-2026 |
| *13 | 31-1-2026 |
| *14 | 31-1-2026 |
| *15 | 31-1-2026 |
| *16 | 31-1-2026 |
| *17 | 31-1-2026 |
| *18 | 31-1-2026 |

**अतारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| 1 | 29-1-2026 |
| 2 | 29-1-2026 |
| 3 | 29-1-2026 |
| 4 | 29-1-2026 |
| 5 | 29-1-2026 |
| 6 | 29-1-2026 |
| 7 | 29-1-2026 |
| 8 | 29-1-2026 |
| 9 | 29-1-2026 |
| 10 | 29-1-2026 |
| 11 | 29-1-2026 |
| 12 | 29-1-2026 |
| 13 | 29-1-2026 |
| 14 | 29-1-2026 |
| 15 | 29-1-2026 |
| 16 | 30-1-2026 |
| 17 | 30-1-2026 |
| 18 | 30-1-2026 |
| 19 | 30-1-2026 |
| 20 | 30-1-2026 |
| 21 | 31-1-2026 |
| 22 | 31-1-2026 |
| 23 | 31-1-2026 |
| 24 | 31-1-2026 |
| 25 | 31-1-2026 |
| 26 | 31-1-2026 |
| 27 | 31-1-2026 |
| 28 | 31-1-2026 |
| 29 | 31-1-2026 |
| 30 | 31-1-2026 |
| 31 | 31-1-2026 |
| 32 | 31-1-2026 |
| 33 | 31-1-2026 |
| 34 | 31-1-2026 |
| 35 | 31-1-2026 |
| 36 | 31-1-2026 |
| 37 | 31-1-2026 |
| 38 | 31-1-2026 |

# नत्थी 'क'

शुक्रवार, दिनांक 13 फरवरी, सन् 2026 ई0

---------

## तारांकित प्रश्न

### प्रदेश में कार्यरत शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में

डा0 मान सिंह यादव
1

*1-(क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कार्यरत शिक्षामित्रों के यूनियन द्वारा दिनाँक 01 जनवरी, 2025 से दिनांक 01 जनवरी, 2026 के मध्य अपनी

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

समस्याओं का समाधान कराये जाने हेतु प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा को कितने पत्र प्राप्त हुए हैं और उन पत्रों में वर्णित मुख्य समस्या क्या-क्या थी ?

(ख) क्या सरकार शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाये जाने पर भी विचार कर रही है ?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

**उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम की धारा-66(1) के अन्तर्गत पुरानी राजपत्रित संवर्ग/अराजपत्रित संवर्ग भर्ती/सेवा नियमावली के सम्बन्ध में**

श्री आशुतोष सिन्हा 2 — मुख्य मंत्री

*2-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम की धारा-66 (1) के अन्तर्गत पुरानी राजपत्रित संवर्ग/अराजपत्रित संवर्ग भर्ती/सेवा नियमावली को समाप्त कर दिया गया है ?

(ख) क्या उसके पश्चात् सरकार द्वारा फायर विभाग हेतु वर्ष 2022 से अब तक कितनी सीधी भर्ती, पदोन्नति भर्ती एवं मृतक आश्रित भर्ती की गयी है ?

(ग) यदि भर्ती नहीं की गई, तो क्यों ?

(घ) नई भर्ती/सेवा नियमावली कब तक लागू करायेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**शिक्षक दिवस के दिन शिक्षकों के उत्पीड़न व शोषण की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में**

श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी 3 — बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

*3-(क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि शिक्षक दिवस दिनाँक 05 सितम्बर को प्रदेश के शिक्षकों को सम्मानित करने के आयोजन प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है ?

(ख) क्या इस दिन शिक्षकों के उत्पीड़न व शोषण की कार्यवाही करने का कोई निर्देश अधिकारियों को दिया गया है ?

(ग) यदि हाँ, तो क्या है ?

(घ) क्या बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूँ द्वारा दिनांक 05-09-2023 को सम्विलियन विद्यालय आरिफपुर नवादा विकास क्षेत्र जगत का आकस्मिक निरीक्षण किया गया ?

(ङ) क्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अपने पत्रांकः बेसिक/ 10143-48/ 2023-24, दिनांक 05-09-2023 निरीक्षण आख्या द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक का वेतन अदेय करने का आदेश दिया गया ?

(च) यदि हाँ, तो बिना उत्तर लिये उसी दिन अपने पत्र संख्या- बेसिक/ 10180-88/ 2023-24, दिनांक 05-09-2023 को निलम्बित करने का कौन सा औचित्य है ?

**नगर पंचायत सैंथल, तहसील-नवाबगंज, जनपद-बरेली में नहर की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में**

श्री लाल बिहारी यादव 4

*4-(क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि नगर पंचायत सैंथल, तहसील-नवाबगंज, जनपद-बरेली में नहर की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया गया है ? — जल शक्ति मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो कब ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**जनपद-सहारनपुर में पानी की टंकी को स्थापित करने के सम्बन्ध में**

श्री शाहनवाज खान 5

*5-(क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर में पानी की टंकी को स्थापित करने के लिये कितने गांव प्रस्तावित थे ? — जल शक्ति मंत्री

(ख) कितने गांवों में उक्त कार्य पूर्ण हुआ है तथा कितने गांवों में अभी कार्य चल रहा है ?

(ग) कितने गांवों में कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों की मरम्मत हुई है तथा बाकी में कब तक हो जायेगी ?

(घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

**अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की भाँति सेवानिवृत्त होने पर 300 दिनों के अवकाश नकदीकरण की सुविधा प्रदान करने के सम्बन्ध में**

श्री राज बहादुर सिंह 'चन्देल' 6

*6-(क) क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की भाँति सेवानिवृत्त होने पर 300 दिनों के अवकाश नकदीकरण की सुविधा प्रदान करायेंगे ? — उच्च शिक्षा मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो उक्त लाभ कब तक प्रदान करायेंगे ?

**शासनादेश दिनांक 09 जून, 2014 में विकल्प चुनने का अवसर दिनांक 01 दिसम्बर, 2008 से विस्तारित करके शासनादेश तिथि दिनांक 09 जून, 2014 के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह<br>7 | *7-(क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि शासनादेश दिनांक 09 जून, 2014 में विकल्प चुनने का अवसर दिनांक 01 दिसम्बर, 2008 से विस्तारित करके शासनादेश निर्गत तिथि दिनांक 09 जून, 2014 किया जाएगा ?<br>(ख) यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा<br>राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |

**वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों को सेवा शर्त, सेवा सुरक्षा, समयबद्ध वेतनमान एवं सेवानिवृत्ति के उपरान्त प्राप्त होने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी<br>8 | *8-(क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों को कोई सेवा शर्त-सेवा सुरक्षा, समयबद्ध वेतनमान एवं सेवानिवृत्ति के उपरान्त कौन सी सुविधा प्रदान की गई है ?<br>(ख) क्या अक्टूबर, 1986 से संचालित उक्त व्यवस्था के अन्तर्गत अधिवर्षता आयु पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त और किस तरह की धनराशि प्रदान की जाती है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो क्या ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा<br>राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |

**प्रदेश के वित्त विहीन माध्यमिक शिक्षकों की सेवा नियमावली बनाकर उन्हें उचित मानदेय देने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>9 | *9-(क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के वित्त विहीन माध्यमिक शिक्षकों की सेवा नियमावली बनाकर उन्हें उचित मानदेय देने हेतु कोई कमेटी बनायी गई है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उसकी पहली बैठक कब हुई ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा<br>राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |

**प्रदेश के वित्त विहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को बिना वेतन के शिक्षण कार्य करने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी<br>10 | *10-(क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के वित्त विहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को बिना वेतन के शिक्षण कार्य करने के लिए बाध्य किया जाता है ? | माध्यमिक शिक्षा<br>राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |

(ख) क्या ऐसे वित्त विहीन विद्यालयों को अनुदान सूची में लाने की कोई नीति बनी है ?

(ग) यदि हाँ, तो क्या ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा में 70 से 80 प्रतिशत भगीदारी देने वाले माध्यमिक वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों को मानदेय देने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री लाल बिहारी यादव<br>11 | *11-(क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा में 70 से 80 प्रतिशत भागीदारी देने वाले माध्यमिक वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों को मानदेय देने पर विचार करायेंगे ?<br>(ख) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

**जनपद-वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर, जौनपुर में शिक्षकों को विगत पाँच वर्षों में प्रोन्नत वेतनमान की स्वीकृति के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>12 | *12-(क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं का प्रोन्नत वेतनमान देय है ?<br>(ख) यदि नहीं, तो क्यों ?<br>(ग) यदि देय है, तो जनपद-वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर, जौनपुर में कितने शिक्षकों को विगत पाँच वर्षों में प्रोन्नत वेतनमान की स्वीकृति प्रदान की गई है और कितने प्रकरण शेष हैं, विवरण सहित सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि जिन जनपदों में प्रोन्नत वेतनमान अभी तक नहीं दिये गये हैं, तो क्यों और कब से लम्बित हैं ? | बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

**उत्तर प्रदेश में वित्त विहीन शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनाये जाने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री लाल बिहारी यादव<br>13 | *13-(क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनायेंगे ?<br>(ख) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

**जनपद सहारनपुर के ब्लॉक-पुवाँरका के गाँव सम्भाल की शेख के प्राथमिक विद्यालय की मान्यता 8वीं तक करवाये जाने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री शाहनवाज खान<br>14 | *14-(क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर के ब्लॉक पुवाँरका के गांव सम्भाल की शेख के प्राथमिक विद्यालय में छात्र पाँचवीं तक ही शिक्षा ग्रहण कर पाते हैं, जिसके बाद की शिक्षा प्राप्त करने के लिये या तो प्राइवेट स्कूलों की तरफ रुख करना पड़ता है या किसी दूसरे गांवों में जाना पड़ता है ?<br>(ख) क्या गांव के ही स्कूल की मान्यता 8वीं तक करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

**प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री के पत्र में उल्लिखित विभिन्न माँगों/समस्याओं के शीघ्र समाधान के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह<br>15 | *15-(क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री का पत्र दिनांक 11-06-2025, जो कि सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद् को सम्बोधित एवं प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न माँगों/समस्याओं के शीघ्र समाधान के सम्बन्ध में है, प्राप्त हुआ है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र में किन-किन बिन्दुओं का उल्लेख कर कार्यवाही की मांग की गयी है ?<br>(ग) उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

**जनपद सहारनपुर के पानसर से गाँव रीढ़ी, धुन्ना होते हुये ढमोला तक जाने वाले नाले की सिल्ट सफाई के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री शाहनवाज खान<br>16 | *16-(क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद सहारनपुर के पानसर से गाँव रीढ़ी, धुन्ना होते हुए ढमोला तक जाने वाले नाले की सिल्ट सफाई न होने के कारण बरसात के दिनों में उससे काफी गांवों में जलभराव हो जाता है, जिससे बीमारियों का प्रकोप बढ़ता है ? | जल शक्ति मंत्री |

(ख) उसकी सफाई को लेकर सरकार क्या कदम उठा रही है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**प्रमुख सचिव, राजस्व को सम्बोधित पत्र में उल्लिखित विषय पर कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में**

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 17 — मुख्य मंत्री

*17-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 19 जून, 2025, जो प्रमुख सचिव, राजस्व को सम्बोधित एवं सर्कुलर रोड, बिछिया कालोनी, जनपद गोरखपुर की कूटरचित दस्तावेजों के द्वारा राजस्व अधिकारियों के षडयन्त्र से अरबों की जमीन हड़पने के सम्बन्ध में था, प्राप्त हुआ है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र में किन-किन बिन्दुओं का उल्लेख कर जाँच/कार्यवाही की मांग की गयी है ?

(ग) उक्त जाँच किस स्तर से करायी गयी एवं जाँचोपरान्त क्या निष्कर्ष निकले एवं उक्त जाँच पर क्या कार्यवाही की गयी ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**जनपद-गाजीपुर के तहसील-सैदपुर, ग्राम-ध्रुवार्जुन में दिनांक 01 जनवरी, 2025 से दिनांक 01 जनवरी, 2026 तक पैतृक भूमि का वरासत के आधार पर नामान्तरण के सम्बन्ध में**

डा0 मान सिंह यादव 18 — मुख्य मंत्री

*18-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-ध्रुवार्जुन, तहसील-सैदपुर, जनपद-गाजीपुर में दिनांक 01 जनवरी, 2025 से दिनांक 01 जनवरी, 2026 तक कितने ग्रामीणों की पैतृक भूमि का वरासत के आधार पर नामान्तरण किया गया है ?

(ख) क्या ध्रुवार्जुन, तहसील-सैदपुर, जनपद-गाजीपुर में ही गुपेश राय, शिवम कुमार राय, माया राय एवं देवमुन्नी राय आदि का पैतृक भूमि को दोनों पुत्रों को वरासत 1/3, 1/3 एवं दोनों माताओं का 1/3 में ही अंश भाग दर्ज न करते हुए सम्बन्धित लेखपाल द्वारा त्रुटिवश गलत अंश भाग कर दिया गया है, जिस कारण ग्रामीणों को एवं पीड़ितों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक उक्त अंश भाग को सही कराते हुए उक्त पीड़ितों की समस्या का समाधान करायेंगे ?

(घ) उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

## अतारांकित प्रश्न

श्री पवन कुमार सिंह 1 — उप मुख्य मंत्री

1-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-महोली के ग्राम-मढिया में राजेश के मकान से हरिलाल के मकान तक की दूरी जो लगभग 150 मी0 है, का मार्ग अत्यन्त खराब है, जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीणों को बहुत अधिक समस्या होती है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु इण्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 2 — उप मुख्य मंत्री

2-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-खैराबाद के ग्राम पंचायत-कनवाखेड़ा में रायल ग्रीन सिटी कनवाखेड़ा से मधवापुर रोड तक की दूरी जो लगभग 100 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन की समस्या बनी रहती है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 3 — उप मुख्य मंत्री

3-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-कसमण्डा की ग्राम पंचायत-दुलारपुर के ग्राम-गिरधरपुर में पक्की रोड से बलराम के घर तक की दूरी जो लगभग 225 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन की समस्या बनी रहती है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह<br>4 | 4-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-कसमण्डा की ग्राम पंचायत-दुलारपुर के ग्राम-नारायणपुर में इण्टरलॉकिंग से राजकुमार के घर तक की दूरी जो लगभग 250 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन की समस्या बनी रहती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सी0सी0 रोड का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>5 | 5-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि प्रदेश में नरेगा के तकनीकी सहायकों के सेवानिवृत्त होने के पश्चात् उनका बकाया ई0पी0एफ0 का भुगतान कराया जाता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो जनपद गोरखपुर के ब्लाक पिपरौली में वित्तीय वर्ष 2023 से 2025 में सेवानिवृत्त हुए कितने तकनीकी सहायकों (नरेगा) के ई0पी0एफ0 का भुगतान लम्बित है ?<br>(ग) उक्त का भुगतान कब तक करायेंगे ?<br>(घ) क्या उपरोक्त से सम्बन्धित अद्यतन आख्या सदन की मेज पर रखेंगे ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>6 | 6-(क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद-मिर्जापुर के ब्लाक मझवां के ग्राम करसड़ा (सगरा) में नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत नल द्वारा पानी सप्लाई का लाभ पूरे करसड़ा (सगरा) ग्राम के निवासियों को हो रहा है ?<br>(ख) यदि पानी सप्लाई नहीं हो रही है, तो क्यों ?<br>(ग) क्या जनहित की उक्त समस्या के दृष्टिगत शीघ्र पानी की सप्लाई चालू करायेंगे ?<br>(घ) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | जल शक्ति मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>7 | 7-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जिला-मिर्जापुर के ग्राम करसड़ा (सगरा), पोस्ट-कछवाँ में | उप मुख्य मंत्री |

माता शीतला मन्दिर के पास के पुलिया से लेकर राहुल कुमार S/O स्व0 राजेश कुमार (ट्यूबवेल ऑपरेटर) के घर तक पुलिया/नाला स्थित है ?

(ख) क्या वर्तमान में उक्त नाला चोक/पट गया है ?

(ग) यदि नाला है, तो गर्मी के दिनों में वर्षा होने के उपरान्त जलभराव के कारण ग्रामवासियों को कठिनाइयों का सामना क्यों करना पड़ता है ?

(घ) क्या जनहित की उक्त समस्या का निदान करायेंगे ?

(ङ) यदि हाँ, तो कब तक ?

(च) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह<br>8 | 8-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत डलमऊ के ग्राम उसमैलापुर में राकेश के घर से सुन्दर के घर तक की दूरी जो लगभग 350 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>9 | 9-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत डलमऊ के ग्राम उसमैलापुर में इण्टरलॉकिंग से भगौती देवी के मंदिर तक की दूरी जो लगभग 250 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों व श्रद्धालुओं को आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सी0सी0 रोड का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>10 | 10-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड पहला की ग्राम | उप मुख्य मंत्री |

पंचायत कोरार के ग्राम कोरार में प्राथमिक विद्यालय से पप्पू मास्टर के घर तक की दूरी जो लगभग 180 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों व विद्यालय के छात्रों को आवागमन की समस्या का सामना करना पड़ता है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु इण्टरलॉकिंग रोड का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 11 | पंचायती राज मंत्री

11-(क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद रायबरेली के विकास खण्ड सताँव के ग्राम सभा किलौली में रायबरेली-कानपुर रोड से कौशल मौर्य के मकान तक की इण्टरलॉकिंग रोड व नाली का निर्माण करायेंगे ?

(ख) यदि हाँ, तो कब तक ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 12 | उप मुख्य मंत्री

12-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-गाजीपुर के ब्लाक मनिहारी, परगना सादियाबाद, तहसील जखनियाँ की ग्राम सभा धुरेहरा में रामवृक्ष के घर से झिंगुरीराम के घर तक खड़न्जा बनाये जाने एवं मरम्मत के कार्य का प्रस्ताव पारित हो चुका है ?

(ख) क्या गाटा संख्या-368 आबादी के मार्ग पर अवैध अतिक्रमण कर उक्त ग्राम सभा के मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा करके मार्ग की चौड़ाई को कम कर दिया गया है ?

(ग) क्या उक्त ग्राम सभा के मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त कराने की जनहित में कार्यवाही करायेंगे ?

(घ) क्या उक्त प्रकरण की जाँच कराकर जाँच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 13 | उप मुख्य मंत्री

13-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-एलिया के ग्राम पंचायत-नेरीकलां में अयोध्या सिंह के मकान से नेरीकलां मोड़ तक की दूरी जो लगभग 200 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन की समस्या बनी रहती है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 रोड का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह<br>14 | 14-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-बिसवां के ग्राम पंचायत-मजरा-सरैया में जियालाल के खेत से माता रानी के दरबार तक की दूरी जो लगभग 500 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन की समस्या बनी रहती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 रोड का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>15 | 15-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-पहला के ग्राम पंचायत-बलसिंहपुर के मजरा मुमताजपुर में डामर रोड से विजय सिंह के घर तक की दूरी जो लगभग 120 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन की समस्या बनी रहती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 रोड का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>16 | 16-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-पहला के ग्राम पंचायत-कोरार के मजरा कलिमापुर में रामचन्द्र के घर से भुन्नी के घर तक की दूरी जो लगभग 190 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन की समस्या बनी रहती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 रोड का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह<br>17 | 17-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-पहला के ग्राम पंचायत कोरार के गांव कोरार में बाबा साहब अम्बेडकर की मूर्ति से हरेश के घर तक की दूरी जो लगभग 90 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में समस्या बनी रहती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>18 | 18-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड बिसवां के ग्राम पंचायत-अशरफपुर, मजरा-जगन्नाथपुर में सटल्लू कश्यप के घर से शारदा नहर हरदेव लाल बाबा के मन्दिर तक की दूरी जो लगभग 300 मी0 हैं, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन की समस्या बनी रहती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 रोड का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>19 | 19-(क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद-जालौन के विकास खण्ड-कुठौन्द, ग्राम पंचायत-कुतुलूपुर, ग्राम-जमलापुर ध्यान में किस गाँव की पानी की टंकी से जलापूर्ति सुचारु रूप से की जा रही है ?<br>(ख) क्या उक्त पानी की टंकी से जलापूर्ति के अन्तर्गत ग्राम सभा-जमलापुर ध्यान भी आता है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो उक्त ग्राम सभा में कितने घरों में पानी की सप्लाई की जा रही है ?<br>(घ) यदि नहीं, तो उक्त ग्राम सभा में कब तक पानी की सप्लाई चालू करायेंगे ? | जल शक्ति मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>20 | 20-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-गाजियाबाद के थाना-मुराद नगर में दिन दहाड़े लोगों के साथ लूट-पाट करने वालों के विरुद्ध एफ0आई0आर0 | मुख्य मंत्री |

नं0 0020, दिनांक 17 जनवरी, 2026 को पंजीकृत की गयी है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या लूट-पाट करने वाले व्यक्तियों की गिरफ्तारी कराते हुए पीड़ितों के लूट का समान बरामद कर लिया गया है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों, कब तक लूट-पाट करने वालों को गिरफ्तार करते हुए लूट का समान बरामद करायेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 21 — पंचायती राज मंत्री

21-(क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के ब्लाक-सकरन साण्डा मुख्यालय में सार्वजनिक पार्क न होने से क्षेत्रीय नागरिकों, बच्चों व बुजुर्गों को मनोरंजन, व्यायाम एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नही हो रही है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु ब्लाक सकरन साण्डा मुख्यालय में सार्वजनिक पार्क का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 22 — पंचायती राज मंत्री

22-(क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के अन्तर्गत कमलापुर में सीतापुर हाई-वे से अरविन्द पाण्डे के मकान तक की दूरी जो लगभग 200 मी0 है, का मार्ग बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे लोगों को आवागमन की समस्या बनी रहती है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु सी0सी0 रोड का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 23

23-[अन्तरित]

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 24 — मुख्य मंत्री

24-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-हरदोई में विरासत के शस्त्र लाइसेंस के कितने आवेदन दिनांक 20 जनवरी, 2026 तक स्वीकृति हेतु लम्बित हैं ?

(ख) क्या उक्त का विवरण नाम पते सहित सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) सरकार की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर विरासत के लाइसेंस कब तक निर्गत करा दिए जाएंगे ?

(घ) यदि नहीं तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 25 — 25-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-सिधौली, सीतापुर में ग्राम खरवालिया के क्षेत्र पंचायत सिधौली, सीतापुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजना में जो लम्बाई-150 मीटर एवं स्वीकृत बजट-7.20 लाख रुपये के अनुसार कार्यदायी संस्था के द्वारा मानक व मेवालाल के घर से जगदीश के घर तक स्वीकृत कार्य योजना (वास्तविक लम्बाई 80 मीटर) के अन्तर्गत नाला निर्माण कार्य नियमानुसार पूर्ण नहीं कराया गया है ? — उप मुख्य मंत्री

(ख) क्या उक्त सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण को हटाते हुये नाले का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री लाल बिहारी यादव 26 — 26-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ संख्या 40019025034067 जो कि जनपद-देवरिया, तहसील-देवरिया, गाटा संख्या-224, रकबा 27 डिसमिल (0.109 हेक्टेयर) भूमि में हुई लिपिकीय त्रुटि को दूर कर सम्पूर्ण भाग को एक भाग में करा दिया गया है ? — मुख्य मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो कब ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 27 — 27-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-महमूदाबाद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-रेवान में भागूपुरवा गुरुद्वारा से सी0सी0 रोड तक जाने वाला 300 मी0 सम्पर्क मार्ग अत्यन्त जर्जर अवस्था में है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं आम-जनमानस को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ? — उप मुख्य मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो उपर्युक्त समस्या के समाधान हेतु सम्पर्क मार्ग का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह<br>28 | 28-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-बिसवां के अन्तर्गत ग्राम सभा-नसीरपुर अन्दूपुर में डामर रोड से छंगा गौतम के घर से सी0सी0 रोड तक की दूरी जो लगभग 600 मीटर है, का मार्ग अत्यन्त जर्जर अवस्था में है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों एवं आम जनमानस को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उपर्युक्त समस्या के समाधान हेतु इण्टरलॉकिंग का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>29 | 29-(क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-संकरन के अन्तर्गत ग्राम सभा-रुद्रपुर कुटी से बोहारा सम्पर्क मार्ग तक की दूरी जो लगभग 320 मीटर है, का मार्ग क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उपर्युक्त समस्या के समाधान हेतु इण्टरलॉकिंग का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>30 | 30-(क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर में नेपालपुर से रमपुरवा गाँव तक जाने वाला लगभग 300 मीटर का मार्ग अत्यन्त जर्जर अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों, किसानों एवं स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उपर्युक्त समस्या के समाधान हेतु सी0सी0 रोड का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>31 | 31-(क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि ग्राम पंचायत खुर्रमपुर मुरादनगर, जनपद-गाजियाबाद के ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, अजबरपुर मंगावली, रावली रोड का विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है, जिस कारण कभी | बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

भी कोई अनहोनी घटना घटित हो सकती है, जिससे तत्काल उक्त विद्यालय भवन की मरम्मत कराने/पुनः निर्माण कराने/साज-सज्जा कराया जाना समीचीन होगा ?

(ख) यदि हाँ, तो कब तक उक्त विद्यालय भवन की मरम्मत/पुनः निर्माण/साज-सज्जा करा दी जायेगी ?

(ग) क्या उक्त के सम्बन्ध में कार्यवाही कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 10 अक्टूबर, 2025 जोकि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?

(घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 32

32-(क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 19-01-2026 जो मुख्य मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा को सम्बोधित तथा जनपद-सहारनपुर में बेसिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की जाँच कराये जाने विषयक है, प्राप्त हुआ है ?

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र में किन-किन बिन्दुओं का उल्लेख कर जाँच की माँग की गयी है तथा उक्त जाँच किस स्तर से करायी गयी एवं जाँचोपरान्त क्या निष्कर्ष निकले ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 33

33-(क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि माह दिसम्बर, 2008 से दिनांक 21 सितम्बर, 2015 तक पदोन्नति प्राप्त प्राथमिक शिक्षकों को न्यूनतम वेतन 17140.00 (ग्रेड वेतन 4600 का न्यूनतम वेतन 12540 अर्थात् 4600+12540=17140.00) से वंचित कर दिया गया है ?

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(ख) क्या शासनादेश दिनांक 09 जून, 2014 में विकल्प चुनने का अवसर दिनांक 01 दिसम्बर, 2008 से विस्तारित करके शासनादेश निर्गत तिथि दिनांक 09 जून, 2014 करने पर विचार करेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 34

34-(क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद-हरदोई की गर्रा नदी पर ग्राम गोविन्दपुर, थाना-लोनार के अन्तर्गत बाढ़ से होने वाले कटाव को रोकने के लिए कार्य योजना नाबार्ड को स्वीकृति हेतु कब प्रेषित की गयी ?

जल शक्ति मंत्री

(ख) उक्त परियोजना के लिए नाबार्ड से स्वीकृति कब प्राप्त हुयी ?

(ग) क्या परियोजना पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है ?

(घ) जनहित में उक्त कार्य कब तक पूर्ण करायेंगे ?

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव 35 | 35-(क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद-महोबा में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में किये गये कार्यों के भुगतान हेतु सम्बन्धित फर्मों द्वारा दिनांक 30 दिसम्बर, 2025 को प्रमुख अभियन्ता/विभागाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या सम्बन्धितों का भुगतान करा दिया गया है ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?<br>(घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | जल शक्ति मंत्री |
| श्री आशुतोष सिन्हा 36 | 36-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि बनारस, आजमगढ़ व मिर्जापुर मण्डल में राजस्व संहिता की धारा-24 के अन्तर्गत वाद (मुकदमे) उप जिलाधिकारी न्यायालय में दायर किये गये हैं ?<br>(ख) कितने मुकदमों का निस्तारण किया गया ?<br>(ग) क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री |
| श्री आशुतोष सिन्हा 37 | 37-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि बनारस, मिर्जापुर व आजमगढ मण्डल में वर्ष 2025 में दिनांक 01 जनवरी, 2025 से 20 जनवरी, 2026 तक धारा-107 के अन्तर्गत शान्ति भंग के कितने मुकदमे दर्ज हुए हैं ?<br>(ख) कितने मुकदमों का निस्तारण हुआ है तथा कितने मुकदमे अवशेष हैं ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री |
| श्री आशुतोष सिन्हा 38 | 38-(क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि डा0 मान सिंह यादव, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित प्रश्न संख्या-2 के भाग 'ख' के उत्तर में कहा गया | पंचायती राज मंत्री |

था कि जनपद-जौनपुर के विकास खण्ड व तहसील बदलापुर के ग्राम पंचायत ऊदपुर गेल्हवा (दाऊदपुर) में रामनयन शुक्ल के घर के समीप हनुमान जी के मन्दिर के पास हाईमास्ट लाइट लगाने में रुपया 5.60 लाख का व्यय होना अनुमानित है ?

(ख) क्या उक्त कार्य कराये जाने का प्रस्ताव आगामी वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2025-2026 में सम्मिलित कर अग्रिम कार्यवाही करायेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो कब तक उक्त कार्य करा दिया जायेगा ?

-------